निबंधन एवं शर्तें

रिसर्च एसोसिएट् (बीओपी डिविजन)

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी) नई दिल्ली उपरोक्त पद के लिए पूर्णत: संविदा आधार पर नियुक्ति के लिए अर्हता प्राप्त उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित है:-

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग के ब्यूरो ऑफ प्लानिंग प्रभाग में रिसर्च एसोसिएट की नियुक्ति की जायेगी तथा वे बीओपी प्रभाग में आर्थिक सलाहकार/उप-निदेशक के सीधे पर्यवेक्षण में कार्य करेंगे। इस पद की मुख्य जिम्मेदारियां निम्नवत् हैं:

- बजट दस्तावेजों, 36 राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों की सरकारों तथा केंद्रीय मंत्रालयों से विस्तृत अनुदान मांगों का समन्वय, एकत्रण, संकलन, संवीक्षा और विश्लेषण करना।
- एनएचए फ्रेमवर्क के अनुसार राज्यों एवं केंद्र सरकार के बजट दस्तावेजों का निष्पादन करना।
- राज्य-वार डाटा सैट को संबंधित राज्यों के वार्षिक वित्तीय विवरण (एएफएस) के साथ युक्तिसंगत बनाते हुए राज्य-वार डाटा सैट तैयार करना।
- एनएचए फ्रेमवर्क पर आधारित बेसिक स्वास्थ्य व्यय तालिकाएं सृजित करना।
- विभिन्न चिकित्सा पद्धतियों, केंद्र और राज्यों द्वारा किए जाने वाले व्यय के स्रोत, प्रदाताओं के स्रोतों तथा आईसीएचए क्रियाकलापों द्वारा किए जाने वाले स्वास्थ्य व्यय के संबंध में स्वास्थ्य व्यय संबंधी तालिकाओं के सृजन में सहायता करना।
- स्वास्थ्य को प्रभावित करने वाले स्वास्थ्य मानकों, जनसंख्या और अन्य परिवर्तियों पर आधारित राज्य-वार आंकड़ों का सृजन करना।
- एनएचए सैल/एनएचएटीएस सचिवालय के विशेषज्ञ समूह, संचालन समिति और अन्य बैठकों के साथ समन्वय स्थापित करना।
- राज्य स्वास्थ्य लेखाओं के लिए राज्य सरकारों के साथ समन्वय स्थापित करना।
- कार्यशालाओं, सेमिनारों, बैठकों के आयोजन तथा कार्यवाहियों के दस्तावेज तैयार करने में सहायता करना।
- राष्ट्रीय स्वास्थ्य लेखाओं से संबंधित अन्य मंत्रालयों/राज्य सरकारों के साथ किए जाने वाले सामान्य पत्राचार में सहायता करना तथा अधिकारियों द्वारा समय-समय पर सौंपे जाने वाले अन्य कार्य करना।
- एनएचए तकनीकी सचिवालय को सहायता उपलब्ध कराना।

अर्हता एवं कौशल:

- विज्ञान या वाणिज्य या अर्थशास्त्र में स्नातक।
- स्वास्थ्य बजट और स्वास्थ्य लेखाओं के क्षेत्र में फोकस के साथ स्वास्थ्य के क्षेत्र में न्यूनतम 5 वर्ष का अनुभव।
- कंप्यूटर का कार्यसाधक ज्ञान (अनिवार्य)।
- अंग्रेजी बोलने और लिखने का उत्कृष्ट ज्ञान तथा उत्तम अंतर-वैयक्तिक एवं संप्रेषण कौशल।

आयु: आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि को अधिकतम आयु-सीमा 45 वर्ष।

पारिश्रमिक: 40,000/- रुपये प्रति माह (समेकित)।

आवेदन करने के लिए:

अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे एनएचएसआरसी की वेबसाइट पर अपलोड किए गए भर्ती हेतु सूचना के साथ संलग्न आवेदन पत्र को डाउनलोड कर विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र को **10-Feb-2020** तक केवल nhm.recruitments@gmail.com पर ई–मेल कर दें। कसी अन्य प्रारूप में प्रस्तुत किया गया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। कृपया सुनिश्चित करें कि आवेदन पत्र पर आवेदन किए गए पद का उल्लेख किया गया है, अन्यथा आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।